52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.2°c | अधिकतम 32.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:46 सूर्यास्त : 7:01 | वर्ष : 52/ अंक : 224 | मंगलवार, 13 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

हमें सफल होने के बाद हमारा रौब अपने माता पिता को नहीं दिखाना चाहिए, क्योंकि वे खुद हारे हैं आपको जिताने के लिए।

नीतीश ने लालू और तेजस्वी का राजनैतिक भाग्य संवारा : डॉक्टर दिलीप जयसवाल

वे अब भी यही कर रहे हैं.....

फजीहत के बाद 'जीआईसी शहीद स्मारक' से उतारा गया 'राष्ट्रीय ध्वज'

▶ 131 फुट की ऊंचाई पर लहराता बदहाल राष्ट्रीय ध्वज सोशल मीडिया पर सुर्खियां बना तो जागा प्रशासन

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के बीच शहर के सरकूलर रोड स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान पर बने शहीद स्मारक स्थल पर 131 फुट की ऊंचाई पर लहराता राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बदहाल अवस्था में था, इसको लेकर न तो प्रशासन जागा और न ही इसकी देखरेख का जिम्मा उठाने वाला एमडीए विभाग, बदहाल अवस्था में लहराते इस तिरंगे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो प्रशासन में हलचल नजर आई और इस फटे मैले कुचेले राष्ट्रीय ध्वज को सोमवार को आनन फानन में उतार लिया गया।

साल 2018 में युवाओं में राष्ट्रवाद की अलख जगाने के लिए तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद डॉ. संजीव बालियान ने राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान पर 131 फुट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कराया था। इस ध्वज के नीचे ही शहीद स्मारक बनाया गया। यहां पर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर जिले के युवा पहुंचकर तिरंगे को सलामी पेश करते हैं। कई बार यहां पर तिरंगा लेकर दौड़ लगाई थी, लेकिन किसी की भी निगाह सिर के ऊपर लहराते बड़े तिरंगे की हालत पर नहीं पड़ी। सोमवार को बदहाल राष्ट्रीय ध्वज की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो जिला प्रशासन की फजीहत हुई। इसके बाद अफसर भी नींद से जागे और शाम को बदहाल अवस्था में 131 फुट की ऊंचाई पर लहराते तिरंगे को उतारने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही शहीद स्मारक पर साफ सफाई भी की गई। बताया गया है कि यहां पर 15 अगस्त को नया तिरंगा फहराया जायेगा।

लहराता तिरंगा बदहाल अवस्था में पहुंच जाता है, हवा के जोर के कारण कपड़ा फट जाता है। जबकि ांडा संहिता के अनुसार मैला कुचेला और फटी अवस्था में राष्ट्रीय ध्वज को फहराना दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है, लेकिन जीआईसी मैदान पर शान से लहराता यह बड़ा राष्ट्रीय ध्वज कई दिनों से बदहाल अवस्था में गगनचुंबी ऊंचाई पर लहरा रहा है। एक दिन पहले ही इसी राष्ट्रीय ध्वज के नीचे देश के अमर शहीदों और हर घर तिरंगा अभियान को समर्पित जज्बा दौड़ का आयोजन हुआ, यहां पर जन प्रतिनिधि और अधिकारी भी जुटे, हजारों महिला और पुरुषों ने हाथों में

'बांग्लादेश में हिंदुओं का चुन चुनकर किया कत्लेआम, मंदिरों में तोड़फोड़

50 से ज्यादा लेखकों ने सरकार को लिखा खत

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनने के बाद भी हिंसा नहीं रुक रही है। वहां हिंदुओं पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिसकी दुनियाभर में निंदा भी की जा रही है। अब बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को लेकर 50 से अधिक नामचीन लेखकों और वकीलों ने पत्र लिखा है, जिसके जरिए ऐसे घटनाओं को रोकने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में भारतीय संसद को भी इस मामले पर संज्ञान लेने की अपील की है। दरअसल, लेखकों के इस पत्र लिखने का मकसद हिंदुओं पर हो रहे हमले के मुद्दे पर ध्यान खींचना है। बांग्लादेश में अभी हालात काफी खराब हैं, वहां हिंदुओं को चुन चुनकर पीटा जा रहा है, मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। प्रबुद्ध लोगों ने आगे लिखा कि हाल के दिनों में इस्कॉन सेंटर और देश के अन्य इलाकों में कई मंदिरों को जला दिया गया। उनमें तोड़फोड़ की गई। इनके कुछ वीडियो भी वायरल हुए। कई वीडियो में दंगाई हिंदुओं को मारते-पीटते दिख रहे हैं। पत्र में उन्होंने इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में लंबे समय से हिंदुओं के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं, वहां लगातार हमले किए जा रहे हैं। पत्र लिखने वालों में लेखक अमिश त्रिपाठी, आनंद रंगनाथन और वकील जे साई दीपक जैसे लोग शामिल हैं। 1971 में भी पाकिस्तानी सैनिकों ने सबसे ज्यादा हिंदू समुदाय को प्रताड़ित किया। उसने करीब 25 लाख हिंदुओं का कत्लेआम किया था। 2013 से अब तक हिंदुओं पर हमले की 3600 से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। वहां की सेना ने कहा था कि अल्पसंख्यकों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी, लेकिन स्थिति उसके उलट है। हिंदू परिवारों के घरों और परिवारों को पुलिस और सेना ने ही लूटा है। स्थिति अब भी गंभीर है।

दोगुना करने का लालच देकर 42 लाख ठगे

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। पैसे दोगुना करने का लालच देकर एक युवक ने एक युवक से 42 लाख की ठगी की है। आरोप है कि पैसे मांगने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। सोमवार को कोतवाली पहुंचे ठगे गए रुपये को वापस दिलाने की मांग को लेकर लोगों ने पुलिस का घेराव किया। पुलिस ने आरोपी युवक पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जानसठ थाना क्षेत्र के तिलोरा निवासी सुभाष चंद काकरान सोमवार को दर्जनों लोगों के साथ कातवाली पहुंचा। उसने पुलिस तो तहरीर देते हुए बताया कि कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने दो साल पूर्व पीएलसीयू कंपनी के नाम पर 42 लाख रुपए लिए थे ओर कहा गया था कि हर महीने ग्यारह लाख तरेपन हजार रुपए मिलेगें। लालच के चलते युवक को रुपये दे दिए। महीना बीत जाने के बाद युवक ने कोई रकम नहीं दी। जब भी रुपये मांगने जाते तो वह कहता है कि अभी रुपये दोगुना नहीं हुए है। इसी बात को लेकर कई बार थाने में शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

चरथावल और छपार में महिला समेत मिले दो लावारिस शव

छपार/चरथावल, 12 अगस्त (बु.)। जिले में महिला समेत दो लोगों के लावारिस शव मिले हैं। महिला का शव चरथावल में नहर से पुलिस ने बरामद किया है, जबकि छपार के सिसौना में जंगल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। छपार थाना क्षेत्र के सिसौना गांव में ईंट भट्टे के पीछे गन्ने के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की पहचान का प्रयास कराया गया, लेकिन सफल न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। रामपुर तिराहा चौकी इंचार्ज दरोगा आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का शव काफी सड़-गल चुका है। उसकी पहचान नहीं हो पाई। दूसरी ओर चरथावल में थानाभवन रोड पर नहर में सोमवार सुबह एक महिला का शव झाल में फंसा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने शोर मचाया, तो आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गये। इसी बीच पुलिस भी आ गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से झाल में फंसे महिला के शव को बाहर निकलवा लिया। काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बता दें कि चरथावल नहर में अज्ञात शवों के मिलने का सिलसिला थम नहीं पा रहा है। हाल ही में कई शव मिल चुके हैं।

कविता की जमानत याचिका पर सीबीआई, ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले मामले के आरोप में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर सोमवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई और ईडी से 20 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कविता ने अपने खिलाफ दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 में कथित घोटाले के मामले में दोनों केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दर्ज मामलों में जमानत की गुहार लगाई है।

बेटे ने प्लास से ताबड़तोड़ वार कर की पिता की हत्या

शामली, 12 अगस्त (बु.)। शहर के विवेक विहार पुत्र ने अपने पिता की हत्या कर दी। बताया जाता है कि प्रॉपर्टी विवाद में आरोपी पुत्र ने सिर में प्लास से कई वार करते हुए पिता की हत्या कर दी और फरार हो गया। हत्या का कारण प्रोपर्टी विवाद बताया गया है। शामली आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला विवेक विहार में विनोद गुप्ता(65) बैंक से सेवानिवृत्त थे। सोमवार सुबह में विनोद गुप्ता का अपने बेटे विकास के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। गुस्से में आग बबूला हुए आरोपी बेटे ने प्लास से अपने पिता के सिर में कई वार कर दिए जिसमें वह गिर गए और उनकी मौत हो गई। वहीं शोर-शराबा होने पर आरोपी पुत्र फरार हो गया। मृतक की पत्नी उर्मिला की सूचना पर आदर्श मंडी थाना पुलिस व एएसपी एसके सिंह व सीओ श्याम सिंह भी पहुंचे और घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी ने तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं एएसपी एसके सिंह ने बताया कि पिता-पुत्र में प्रोपर्टी का विवाद चल रहा था जिसके चलते सुबह में झगडा हुआ और बेटे ने प्लास सिर में मारकर पिता हत्या कर दी। आरोपी की तलाश की जा रही है।

शराब ठेके की कैंटीन में हुई चाकूबाजी में तीन लहूलुहान

भोपा, 12 अगस्त (बु.)। भोपा में गंग नहर पटरी पर संचालित शराब ठेके की कैंटीन में हुई चाकूबाजी की घटना में कैंटीन संचालक सहित तीन व्यक्ति लहूलुहान हो गये। बताया गया है कि शराब पीने के दौरान सामान के दामों को लेकर विवाद में यह जानलेवा हमला किया गया। इनमें से एक घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के मामले में

▶ घटना को लेकर भारी रोष, एक घायल की हालत बिगड़ी

पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया है।

भोपा पुल के पास स्थित शराब के ठेके के पास पुरकाजी निवासी रेशु कुमार कैंटीन चलाता है। सोमवार की शाम चार युवक कैंटीन में शराब पी रहे थे। खाद्य पदार्थों के

दामों को लेकर कैंटीन संचालक व युवकों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गयी। गाली गलौंच की आवाज सुनकर बराबर में स्थित शराब ठेके के सेल्समैन निखिल पुत्र विनोद मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों में बीच-बचाव करने का प्रयास किया, जिस पर युवकों ने चाकू निकाल लिए और कैंटीन संचालक व सेल्समैन पर ताबड़तोड़ चाकू के वार कर दोनों को लहूलुहान कर दिया। घायल बेहोश होकर मौके पर ही गिर पड़े, वहीं मौके पर आए एक ग्राहक भोपा निवासी परवेज को भी हमलावरों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। चाकूबाजी की घटना से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते निखिल व रेशु पाल को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तीन व्यक्ति घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है। चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। देर रात निखिल के भाई मोहित ने थाने पर तहरीर देते हुए चाकू मारने के आरोपी चार लोगों अंशुल पुत्र नेपाल सिंह, देवा उर्फ चन्द्रमोहन पुत्र तेजपाल, सोनू कुमार पुत्र अमर सिंह व शाहनवाज पुत्र रसीद निवासी चौरावाला के विरुद्ध तहरीर दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

अनियंत्रित कार के झील में गिरने से पिता-पुत्र और पोते की डूबने से मौत

रामपुर, 12 अगस्त (एजेंसी)। सैफनी थाना क्षेत्र के रवाना गांव निवासी एक ही परिवार के तीन लोगों की झील में डूबकर मौत हो गई। दरअसल रवाना गांव निवासी मरगूब हुसैन (49) बेटा शानिब हुसैन (19) मरगूब हुसैन का पोता हसनेन (5) समेत तीनों कार लेकर निकले थे। बताया गया कि राजस्थान के जिला हनुमानगढ़ में मरगूब एक मस्जिद में इमाम थे। अपने परिवार के साथ वहीं रहते थे। जिला हनुमानगढ़ के टिब्बी इलाके में सोमवार सुबह करीब सवा आठ बजे राठी खेड़ा तलवाड़ा झील के पास कार अनियंत्रित होकर गिर गई थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, फास्टैग टोल प्लाजा नियम को ठहराया वैध

प्रयागराज, 12 अगस्त (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टोल शुल्क के संबंध में दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में दलील दी गई थी कि टोल प्लाजा की सभी लेन को फास्टैग लेन घोषित करना असंवैधानिक और मनमाना है, जिससे फास्टैग न लगाने पर दोगुना शुल्क वसूला जा रहा है। याचिकाकर्ता विजय प्रताप सिंह की ओर से दलील दी गई कि टोल वसूली और रोड टैक्स का भुगतान दोहरी कराधान है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा-7 और संबंधित नियम 2008 के प्रावधानों के तहत टोल शुल्क वसूला जाता है। कोर्ट ने प्रतिवादी के वकील प्रांजल मेहरोत्रा की दलील को मान्यता दी, जिसमें कहा गया था कि फास्टैग के माध्यम से टोल भुगतान की सुविधा यात्रियों के लिए फायदेमंद है। इसमें कोई असंवैधानिकता नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि रोड टैक्स और टोल शुल्क का उद्देश्य और अधिकार अलग-अलग हैं और एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। याचिका में उठाई गई दलीलों का कोई ठोस आधार नहीं था, इसलिए इसे खारिज कर दिया गया।

सपा ने 10 में से छह सीटों पर घोषित किए प्रभारी

लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसी)। यूपी में दस सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों के लिए सपा ने छह सीटों पर प्रभारियों की घोषणा कर दी है। शिवपाल यादव को कटहरी विधानसभा सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिल्कीपुर की जिम्मेदारी फैजाबाद सीट से हाल ही बने सांसद अवधेश प्रसाद को दी गई। वीरेंद्र सिंह को मझवां सीट की जिम्मेदारी दी गई है। चन्द्रसेन यादव को करहल विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। इन्द्रजीत सरोज को फूलपुर का प्रभारी बनाया गया है। कानपुर की सीसामऊ सीट पर राजेंद्र कुमार को यह जिम्मेदारी दी गई है। सपा ने 10 में से 6 सीटों पर प्रभारियों की घोषणा की है। चार सीटों पर घोषणा होनी बाकी है। इससे इस बात के भी कयास लगने शुरू हो गए हैं कि क्या ये सीटें कांग्रेस के कोटे में जा सकती हैं। मालूम हो कि कांग्रेस और सपा के बीच सीटों के बंटवारे की बात चल रही है।

सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, शंभू बार्डर पर एक सप्ताह में शुरू हो सकती है आवाजाही

नई दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) उच्चतम न्यायालय के सोमवार के एक निर्देश के बाद पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह में लोगों का आवागमन शुरू होने की संभावना है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे करीब एक सप्ताह में आस-पास के संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करें ताकि एंबुलेंस, आवशयक सेवाओं और स्थानीय यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाया जा सके। शीर्ष अदालत ने समस्या के सौहार्दपूर्ण समाधान की उम्मीद जताई, क्योंकि किसान 13 फरवरी से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। आंदोलनकारियों की मांगों में किसानों को उनकी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी भी शामिल है। अपने आदेश में पीठ ने कहा, "हम पटियाला और अंबाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और दोनों जिलों के उपायुक्तों को निर्देश देते हैं कि वे करीब एक सप्ताह में एक बैठक करें और एंबुलेंस, आवशयक सेवाओं, विद्यार्थियों और आस-पास के क्षेत्र के दैनिक यात्रियों के लिए राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने के लिए तौर-तरीके तय करें।"

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि राज्यों ने समिति के गठन के उद्देश्य से उसके पिछले आदेशों का अनुपालन करते हुए समिति के गठन के लिए नाम सुझाए हैं। पीठ ने कहा, "हम राज्यों द्वारा गैर-राजनीतिक नाम सुझाने की पहल की सराहना करते हैं। पीठ ने कहा कि एक उचित समिति बनाई जाएगी, जिसमें निर्धारित किए जाने वाले मुद्दों के साथ-साथ उचित सिफारिशें भी की जाएंगी।" पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि उसे उम्मीद है कि सौहार्दपूर्ण और सम्मानजनक समाधान निकलेगा। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, "अब जब स्थिति ऐसी है तो आप (पंजाब और हरियाणा) किसानों को क्यों नहीं मनाते... क्योंकि राजमार्ग पार्किंग (स्थान) के लिए नहीं हैं।" शंभू बार्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत के लिए प्रस्तावित समिति के लिए गैर-राजनीतिक नाम सुझाने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकार के सर्वोत्तम प्रयासों की सराहना करते हुए पीठ ने कहा कि एंबुलेंस, आवशयक सेवाओं और स्थानीय यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शंभू बार्डर पर सड़क को आंशिक रूप से खोलना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह 22 अगस्त को अगली तारीख पर शंभू बार्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत के लिए गठित किए जाने वाली समिति की शर्तों पर संक्षिप्त आदेश पारित करेगी।शीर्ष अदालत ने कहा, "राजमार्ग ट्रैक्टर, ट्रॉलियों और जेसीबी की पार्किंग के लिए नहीं हैं।"

शिवधाम में भगदड़ से सात लोगों की मौत

जहानाबाद, 12 अगस्त (एजेंसी)। बिहार के जहानाबाद जिले से सावन की चौथी सोमवारी पर बड़े और दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। श्रद्धालुओं के बीच मची भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई है। घटना वाणावार सिद्धेश्वर धाम के भक्तों की भीड़ के बीच हुई। बताया जा रहा है कि चौथी सोमवारी को जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। वाणावार पहाड़ पर पतालगंगा से जो सीढी जाती है उसपर दर्जनों श्रद्धालु चढ़ और उतर रहे थे। मंदिर के पास सीढ़ी पर कांवरियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। मंदिर के पास मौजूद पुलिसकर्मियों ने हालात काबू पाने की कोशिश की लेकिन अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ होते ही इधर-उधर लोग भागने लगे। अंधेरे में लोग एक-दूसरे को कुचलते हुए इधर-उधर भागने लगे। इधर, पुलिस जब तक हालात को नियंत्रित करती तब तक पांच महिला समेत सात श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया। सोमवार को सूर्योदय से पहले ही यह हादसा हुआ। हादसे में 10 से ज्यादा लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है। मंदिर क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों और स्वयंसेवकों की मदद से राहत और बचाव का कार्य चल रहा है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगदड़ में सात लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने इस हादसे में घायल हुये लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

सभासद पति का कमरों को बंद करने का वीडियो वायरल

बुढ़ाना, 12 अगस्त (बु.)। आखिरकार विपक्ष में बैठे सभासदों की पोल एक वीडियो ने खोलकर रख दी। हुआं यूं कि 4 माह से सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला तो आज उन्होंने 2 दिवसीय हड़ताल शुरू कर कस्बे की कुछ हिस्सों की सफाई व्यवस्था ठप्प कर दी लेकिन बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंचकर बताया कि उनकी दो माह की सैलरी मंजूर हो गयी। इससे पहले ये खुशखबरी सुनकर सफाई कर्मचारी हड़ताल समाप्त करते तब इसी बीच बजट का विरोध करने में विपक्ष में बैठी एक महिला सभासद के पति का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। जिसमें वे साफ दिखाई दे रहे हैं कि वे कैसे सफाई कर्मचारियों को भड़काकर नगर पंचायत के सभी कमरों को बंद कर सब कर्मचारियों व अधिकारियों को बाहर निकालकर सफाई कर्मचारियों को हड़ताल पर बैठने पर मजबूर कर रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने से यह तो साफ हो गया है कि वेतन मंजूर होने के बाद भी हड़ताल तो क्या खत्म कराते उल्टे विपक्ष के ये सभासद कर्मचारियों को किस तरह भड़काकर साफ सफाई ठप करवाने में मदद कर रहे हैं।

बुलेटिन के मांग पत्र पर प्रशासन ने शुरू किया काम

▶ अवैध ई रिक्शा और अतिक्रमण से जुड़ा मांग पत्र बुलेटिन ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ▶ नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने ट्रेफिक पुलिस और एआरटीओ से अब तक हुई कार्यवाही का मांगा ब्यौरा

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। अवैध ई रिक्शाओं और अतिक्रमण आदि मांगों को लेकर दो दिन चले बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ के धरने पर बनी सहमति के आधार पर बुलेटिन ने अपना मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंप दिया है। कश्यप ने मांग पत्र पर तत्काल कार्यवाही करते हुए ट्रेफिक पुलिस और एआरटीओ ऑफिस से अब तक हुई कार्यवाही की रिपोर्ट तलब की है।

शहर में अवैध ई रिक्शाओं और बाजार में हो रहे अतिक्रमण को लेकर दो दिन चले धरने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया था और कई दिनों तक अवैध ई रिक्शाओं का जंजाल शहर की सड़कों पर कम होता दिखाई दिया था, इससे लोगों ने भी राहत महसूस की थी। इस मामले को लेकर तीन और चार अगस्त को शिव चौक स्थित तुलसी धाम पार्क में बुलेटिन सम्पादक और भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ ने धरना दिया था। उनके इस आंदोलन में जनपद भर से अधिवक्ता, शिक्षक, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेट, व्यापारी, उद्योगपति सहित आम जनता भारी संख्या में जुड़ी थी। चार अगस्त को सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप धरने पर पहुंचे थे और बुलेटिन सम्पादक से धरना समाप्त करने का अनुरोध किया था। इस दौरान जिला प्रशासन और बुलेटिन सम्पादक के साथ ही व्यापारियों से बनी आम सहमति के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। इस सहमति के दौरान शहर की जनता के साथ मिलकर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा जनहित में जिन मांगों को उठाया गया था, उन पर कार्यवाही कराने के लिए सोमवार को एक बार फिर से बुलेटिन द्वारा मुहिम को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सतर्क किया गया है। बुलेटिन परिवार से वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा छह बिन्दुओं से जुड़ा मांग पत्र लेकर सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप से उनके कार्यालय में मिले। बुलेटिन की ओर से अवैध ई रिक्शाओं का संचालन बंद कराने, रूट के हिसाब से रंग तय करते हुए ई रिक्शाओं का संचालन कराने, शहर में ओड और ईवन व्यवस्था लागू करते हुए तीन दिन ओड और चार दिन ईवन नम्बर वाली ई रिक्शाओं का संचालन कराने, आर्यपुरी, लोहिया बाजार, बुलेटिन वाली गली और इसी प्रकार शहर की अन्य व्यस्त गलियों में ई रिक्शाओं का संचालन रोकने, शिव चौक, मीनाक्षी चौक, न्यू एसडी मार्किट और ांसी की रानी पर बने ई रिक्शाओं के अवैध अड्डे बंद कराने, शिव चौक, टाउनहाल, मीनाक्षी चौक, महावीर चौक, मालवीय चौक, सोल्जर बोर्ड आदि स्थानों पर कम शुल्क पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कराने, चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों द्वारा जुंड़ बनाकर ग्रामीण अंचलों के लोगों के चालान और अपमानित करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने और शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटवाने की मांग की गयी हैं।

इन मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की ओर से काम किया जा रहा है। जल्द ही उसके परिणाम नजर आयेंगे। उन्होंने मांग पत्र पर गंभीरता दिखाते हुए ट्रेफिक पुलिस और एआरटीओ से अवैध ई रिक्शाओं के खिलाफ अब तक हुई कार्यवाही के बारे में जानकारी मांगी है। बता दें कि प्रशासन जिस तरह दिलचस्पी दिखा रहा है, उससे आने वाले दिनों में शहर की जनता को और राहत मिल सकती है।

वैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ नहीं है बुलेटिन का आंदोलन

मुजफ्फरनगर। बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि बुलेटिन का आंदोलन ई रिक्शाओं के खिलाफ नहीं है। कुछ लोग बेवजह ही इस तरह का दुष्प्रचार कर रहे हैं। यह आंदोलन अवैध ई रिक्शाओं और उन्हें व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए किया गया था। जो रिक्शाएं वैध हैं, उनके संचालन को लेकर किसी तरह का विरोध हमारा नहीं है, वो धड़ल्ले से नियमों के अनुरूप उनका संचालन कर सकते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1598: फ्रांस के शासक हेनरी चतुर्थ ने नांत का प्रख्यात आदेश जारी किया। इस आदेश के आधार पर प्रोटेस्टेन्ट ईसाइयों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता दी गई। 1642: डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया। 1645: स्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1784: भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में पेश। 1814: दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच समझौता। 1892: अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो अमेरिकन का बाल्टीमोर से प्रकाशन शुरू। 1898: जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया। 1902: इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की। 1913: इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली शेफील्ड ने स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया। 1951: भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान भरी। 1956: लोकसभा में राष्ट्रीय राजमार्ग विधेयक पारित। 1960: अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से स्वतंत्र हुआ। 1993: वाशिंगटन में इजरायल एवं फलस्तीन के बीच शांति समझौता। 1993: थाईलैंड के नाखोन रचासिमा में होटल ढह जाने से 114 लोगों की मौत। 1994: अमेरिका और उत्तरी कोरिया के बीच जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण के संबंध में ऐतिहासिक सहमति। 1999: लेखिका तसलीमा नसरीन की नई पुस्तक आमार मऐबेला (मेरा बचपन) पर बांग्लादेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया। 2008: विश्व की प्रमुख इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने वियतनाम में संयुक्त रूप से इस्पात परिसर के निर्माण के लिए वहाँ की दो प्रमुख कंपनियों के साथ समझौता किया। 2008: भारत ने मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) हथियार प्रणाली पिनाक का सफल परीक्षण किया। 2015: इराक की राजधानी बगदाद में बम विस्फोट में 78 लोगों की मौत, 215 लोग घायल हुए। 2018: प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख नेता सोमनाथ चटर्जी का निधन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	72150	चांदी-	82900
सिक्का-	96000	गिन्नी-	53860

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 13 अगस्त, 2024

मेष- अधूरी योजना साकार होने की ओर, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, धार्मिक कार्यों में रुचि।
वृषभ- प्रतियोगिता में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, मनोरंजन की ओर रुझान, रचनात्मक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, यात्रा सार्थक।
मिथुन- कार्य व्यवसाय में विस्तार या परिवर्तन हेतु नवयोजना की शुरूआत संभव, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर मन प्रसन्न।
कर्क- आरोग्य सुख में कमी, दैनिक कार्यों में निराशा, किसी खास व्यक्ति से धोखे की आशंका, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, विरोधियों का वर्चस्व, हानि संभव।
सिंह- व्यवसाय में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक सुख की प्राप्ति, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान, आत्मिक शांति।
कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, वाद-विवाद की स्थिति में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।
तुला- स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, पुराने विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक, मानसिक शांति।
वृश्चिक- समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, हानि संभव, आत्मीयजनों में कटुता, स्वास्थ्य में शिथिलता, निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा।
धनु- व्यक्तित्व का विकास, कुछेक समस्याएं पक्ष में हल, पराक्रम से कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, सुयश की प्राप्ति।
मकर- कार्य व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, पारिवारिक समस्याओं का समाधान संभव, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग।
कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, समस्या विशेष के समाधान के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर सुलभ।
मीन- पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, आर्थिक व्यवसायिक प्रगति में बाधा, प्रियजनों से विश्वासघात, व्यय की अधिकता, वैवाहिक सुख में अड़चनें, कर्ज से परेशानी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

राज्यमंत्री एवं चेयरपर्सन ने किया तिरंगा रैली का शुभारंभ

जैन कन्या इंटर कॉलेज मंडी से निकाली हर घर तिरंगा रैली, छात्राओं और शिक्षिकाओं को बांटे गये राष्ट्रीय ध्वज

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। यूपी सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव और पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सोमवार को पीएम नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुकता रैली का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पालिका के कई सभासद भी मौजूद रहे। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र देशभक्ति से सराबोर होता दिखाई दिया। आजादी के जश्न के बीच देश में शुरू जनजागरुकता अभियान के बीच 13 से 15 अगस्त तक संपन्न होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित व जागरुक किया। अभियान की इस कड़ी में सोमवार को नई मंडी स्थित जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज परिसर से एक जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कॉलेज पहुंचकर वहां पर शिक्षिकाओं और छात्राओं के साथ ही सभी लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने हर घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए आम आदमी को अधिकार दिए। इस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सभी लोग शान और सम्मान के साथ अपने घरों की छतों पर तिरंगा अवश्य लहराए गए। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभी से अपील करते हुए कहा कि देश के गौरव और सम्मान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपने भवनों व प्रतिष्ठानों पर अवश्य फहराएं। मंत्री कपिल देव ने पालिका चेयरपर्सन और सभासदों के साथ शिक्षिकाओं और छात्राओं को तिरंगा वितरित करते हुए जन जागरुकता रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद विकल्प जैन, सभासद नवनीत गुप्ता व प्रशांत गौतम, रेणु गर्ग, भारत भूषण अरोरा, दिनेश जैन, मोंटी त्यागी, विपिन आदि मौजूद रहे।

जिला सहकारी बैंक के 98वां स्थापना दिवस मनाया

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। जिला सहकारी बैंक की स्थापना के 98 वर्ष पूर्ण होने पर कोर्ट रोड स्थित बैंक मुख्यालय पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मंत्री कपिल देव अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभापति ठा. रामनाथ सिंह ने बैंक प्रबन्ध कमेटी के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागतोपरान्त मुख्य अतिथि कपिल देव ने बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण कैंप का शुभारंभ किया। सहकारी बैंक 50 शाखाओं तथा 101 बी-पैक्स के माध्यम से मुजफ्फरनगर एवं जनपद शामली के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन साधारण की सेवा में तत्पर है, जो अपनी सुविधा तथा उत्तम ग्राहक सेवा के बल पर पर एक अग्रणी संस्था के रूप मे प्रतिष्ठित हो चुका है और कई बार नाबार्ड से प्रदेशीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त किये है। मुख्य अतिथि कपिल देव ने बैंक की प्रगति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैंकिंग के अलावा सामाजिक दायित्वों के प्रति बैंक अपनी जिम्मदारी को अच्छी तरह समझता है। उन्होंने जन समूह को भी समाज में फैली कुरितियों का प्रतिकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस समाज व देश में आमजन गलत बातों का प्रतिकर नहीं करते, उस देश के पतन को कोई रोक नहीं सकता। ऐसे में हम सब का दायित्व है कि अपने इर्द-गिर्द घटित होने वाली किसी भी गलत घटना को रोकने के लिए उसका प्रतिकार किया जाए। इस अवसर पर सहकारिता मण्डलीय संयुक्त आयुक्त उदय भान, बैंक प्रबन्ध समिति के उपसभापति मुकेश जैन, बैंक संचालक दिनेश कुमार, राहुल राणा, संजीव कुमार, राजू अहलावत, अनार सिंह, आशीष चौधरी, सुनीता देवी, निधि त्यागी, बिजेन्द्र मलिक, अमित चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैंक सभापति रामनाथ सिंह ने अतिथि कपिल देव अग्रवाल समेत उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यक्रम आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

चंदन चौहान के प्रयास लाए रंग, सुविधा से लैस होगा भोपा सीएचसी

भोपा, 12 अगस्त (बु.)। भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़े स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। चन्दन चौहान ने विधायक रहते समय अस्पताल का निरीक्षण किया था, जहाँ उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं के बारे में चिकित्सा प्रभारी डॉ.अर्जुन सिंह से बात की थी, जिसके बाद विधानसभा में समस्या रखने पर संज्ञान लिया गया। अब भोपा अस्पताल में उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं को पूरा किया जायेगा। भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरना के पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉ.अर्जुन सिंह ने जानकारी देकर बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी महावीर सिंह फौजदार से प्राप्त पत्र के अनुसार अब भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पूर्व में सांसद चन्दन चौहान द्वारा उनसे अस्पताल के सम्बंध में जानकारी ली गयी थी, जिसमें अस्पताल में फर्स्ट रैफरल यूनिट न होने को बताया गया था तथा उसके मानकों की जानकारी दी गयी थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा ली गयी जानकारी में उन्होंने मानकों को पूरा करने की जानकारी दी थी। सांसद चंदन चौहान ने जानकारी देकर बताया कि उन्होंने भोपा अस्पताल का मुद्दा विधानसभा में उठाया था। अब अस्पताल में एफआरयू सुविधा के मानक पूरे हो जाने से गायनोकॉलोजिस्ट, जनरल सर्जन, फिजिशियन, एनेस्थेसिया, अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे सुविधा के अलावा उच्च स्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही मुजफ्फरनगर से मोरना मार्ग के निर्माण को शीघ्र पूरा किया जायेगा व बेहड़ा सादात से बीआईटी तक मार्ग का चौड़ीकरण भी शीघ्र किया जायेगा। क्षेत्र के विकास को लेकर वह प्रतिबद्ध हैं।

चौथे सोमवार को शिवचौक समेत शिवालयों पर लगी भीड़

श्रावण माह में श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ किया भगवान आशुतोष का पंचामृत अभिषेक

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच श्रावण माह के चौथे सोमवार को मुख्यालय से गांव-देहात व कस्बों में स्थित शिवालयों में श्रद्धा व आस्था के बीच बाबा आशुतोष की पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक कर घर-परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इस बीच नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर बड़ी संख्या में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने को आतुर नजर आए। जनपद के अन्य पौराणिक मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की।
श्रावण माह चौथे सोमवार को नगर के हृदयस्थल शिवचौक समेतब अन्य मंदिरों में बाबा को जलाभिषेक करने को अलसुबह से ही लंबी कतारें लगी रही। इस दौरान भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक करने को अन्य शिवालयों और मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं जलाभिषेक को गांधी कालोनी स्थित श्री अनंतेश्वर महादेव मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री शिव शक्ति शनि मंदिर सुभाषनगर, श्रीसंकट हरनी मंदिर, श्री गणपतिधाम में स्थित हरिहर महादेव मंदिर, श्री बालाजी धाम मंदिर व श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पटेलनगर समेत अन्य तमाम मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दुग्ध, दही, शहद, घी, शकरा और पंचामृत के साथ गंगाजल से अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाने के साथ घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

भगवान शिव के भक्तों ने जलाभिषेक कर मांगी घर-परिवार में खुशहाली की मन्नत

पाकिस्तान में पूर्व आईएसआई प्रमुख ले. जनरल फैज हमीद हिरासत में, होगा कोर्ट मार्शल

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान ने पूर्व आईएसआई प्रमुख ले. जनरल (रि.) फैज हमीद को सैन्य हिरासत में ले लिया गया है। सेना की जांच में जनरल हमीद को टॉप सिटी मामले में भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया है और उनके खिलाफ अब कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू होगी। पाकिस्तान सेना के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर फैज हमीद के खिलाफ की गई पाक सेना की पड़ताल ने उन्हें दोषी पाया है। पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

भीम आर्मी ने किया कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। भीम आर्मी से जुड़े दर्जनों कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में खतौली क्षेत्र के गांव घासीपुर में गरीब परिवारों के घरों से बेदखल किए जाने के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय पहुंचे भीम आर्मी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने इस मामले में नए मालिकान पर शर्ते मानने के बावजूद अब इन परिवारों को बेघर किए जाने के मामले में अब आलाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए राहत दिलाने को आवाज उठाई। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंपे ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से भीम आर्मी जिलाध्यक्ष राहुल लांबा, विकास, रोशन कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरियाणा पुलिस ने जानसठ के निजी अस्पताल आकर की पूछताछ, डॉक्टर फरार

जानसठ, 12 अगस्त (बु.)। कस्बे के निजी अस्पताल पर हरियाणा पुलिस ने पहुंचकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ के दौरान अस्पताल संचालक और डॉक्टर मौके से फरार रहे। हरियाणा पुलिस की पूछताछ से आसपास में अफरा-तफरी का माहौल रहा। सोमवार को हरियाणा पुलिस की टीम कोतवाली परिसर पहुंची। पुलिस टीम ने वहां पर अपनी आमद दर्ज कराकर कस्बे के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आशीर्वाद अस्पताल में पूछताछ करने गई। पुलिस टीम ने बताया कि पानीपत के दो लड़के पानीपत की युति को लेकर इस अस्पताल में पहुंचे थे। अस्पताल में डॉक्टर ने ज्योति का गर्भपात कराया है। हरियाणा पुलिस की गाड़ी मौके पर देखकर अस्पताल संचालक और डॉक्टर मौके से फरार हो गए। हरियाणा पुलिस ने वहां पर मौजूद कर्मचारियों से 22 जुलाई को हुई गर्भपात के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। अस्पताल कर्मचारियों ने बताया कि उनके यहां के कैमरे पिछले दो महीने से बंद हैं। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से भी जानकारी की, जिससे कि आसपास का माहौल भी गर्माया रहा। हरियाणा पुलिस दोपहर बाद जांच कर वहां से वापस लौट गई।

खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता पुलिस कर्मियों को कप्तान ने किया सम्मानित

खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक लेकर लौटे पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। विभिन्न जनपदों में आयोजित हुई उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक लेकर वापस लौटे पुलिसकर्मियों को अपनी खेल प्रतिभा के सहारे मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने पर एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। सहारनपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित की गई। 27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस कुश्ती, आर्म-रेसलिंग, बॉडी-बिल्डिंग, बॉक्सिंग कल्स्टर प्रतियोगिता-2024 में मुजफ्फरनगर से मुख्य आरक्षी हेमन्त भाटी, आरक्षी अमित कुमार ने आर्म-रेसलिंग में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मुख्य आरक्षी हेमन्त भाटी द्वारा 85 किग्रा. भार वर्ग में प्रथम स्थान तथा आरक्षी अमित कुमार द्वारा 75 किग्रा. भारवर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर दोनों के द्वारा स्वर्ण पदक अर्जित किया गया। जनपद गाजियाबाद में आयोजित मेरठ जोन अन्तर्जनपदीय पुलिस पावर लिफ्टिंग, भारोत्तोलन एवं योग प्रतियोगिता-2024 में जिले के आरक्षी राहुल कुमार, आरक्षी रोहित कुमार, आरक्षी अनुज कुमार तथा आरक्षी सन्नी सौरोत द्वारा पावर लिफ्टिंग में प्रतिभाग किया गया। जिसमें आरक्षी राहुल कुमार द्वारा 93 किग्रा. भार वर्ग में प्रथम स्थान, आरक्षी रोहित कुमार द्वारा 1.5 किग्रा. भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया गया तथा आरक्षी अनुज कुमार द्वारा 83 किग्रा. भार वर्ग में द्वितीय स्थान, आरक्षी सन्नी सौरोत द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया गया। इसके साथ ही जनपद बरेली में आयोजित हुई उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक पावर लिफ्टिंग, भारोत्तोलन, योग प्रतियोगिता-2024 में आरक्षी राहुल कुमार द्वारा पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 93 किग्रा. भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा भी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया।

दौलतपुर में सरकारी भूमि कराई कब्जामुक्त

भोपा, 12 अगस्त (बु.)। गांव दौलतपुर में सरकारी भूमि को राजस्व विभाग की टीम ने कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान ककरौली, भोपा व जानसठ पुलिस भी मौजूद रही। साथ ही बेहड़ा सादात में अतिक्रमण पर कार्रवाई की गयी। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव दौलतपुर में सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। एक सप्ताह पूर्व सरकारी टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा था। शिकायतकर्ता बिन यामीन ने बताया कि खसरा नम्बर 123 चक मार्ग व खसरा नम्बर 120 मृतक पशु डालने का स्थान पर गांव के ही सात व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। भूमि को कब्जा मुक्त कराने को लेकर बीते 22 जुलाई को उपजिलाधिकारी जानसठ को प्रार्थना-पत्र दिया हुआ है, जिसके बाद 24 जुलाई को प्रशासन द्वारा कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की गयी थी। आरोपी चकरोड मार्ग पर कब्जा कर रास्ता बंद करने के फिराक में हैं। सोमवार को पहुँचे तहसीलदार सतीश चन्द बघेल, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा, हल्का लेखपाल सुरेशचंद, अंकित, तेजपाल सहित ककरौली भोपा व जानसठ पुलिस के साथ पहुंचे और सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। वहीं राजस्व विभाग की टीम ने बेहड़ा सादात चौराहे पर अतिक्रमण को भी हटवाया।

ज्ञानस्थली में नशा मुक्त भारत के तहत सेमीनार का आयोजन हुआ

मीरापुर, 12 अगस्त (बु.)। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कस्बें के ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए एक विशेष सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमे सहारनपुर से आए हुए शिक्षाविद एवं प्रेरक विचारों से युवाओं का मार्गदर्शन करने वाले सौरव लूथरा एवं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मीरांपुर संचालिका बहन अनमोल कुमारी द्वारा बच्चों को नशे से दूर रहकर सुखी जीवन जीने के सूत्रों के विषय में जानकारी दी गयी। सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने नशा मुक्ति एवं इसके प्रति जागरूकता की शपथ ली।इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सौरव लूथरा ने बताया कि मनुष्य का स्वभाव है कि वह बुराईयों की ओर शीघ्रता से आकर्षित होता है और बुराईयां उसको सहज प्रतीत होती हैं जबकि उनका परिणाम बहुत ही दुष्कर होता है। उन्होंने बच्चों को आध्यात्मिकता के रास्ते पर चलकर बुरी आदतों से दूर रहने एवं सहजता को अपनाने का पाठ पढ़ाया। ब्रह्माकुमारी अनमोल बहन ने ध्यान एवं योग के द्वारा अपने मन एवं शरीर पर नियंत्रण में रखने के गुर सिखाए। उन्होंने बच्चों को नियमित ध्यान करने एवं बुरी आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों से बताई गई अच्छी बातों को जीवन में उतारकर उनसे स्वयं लाभ लेने एवं दूसरों को भी लाभान्वित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर युविका, अरविन्द, रंजीता, पूजा चौधरी, ज्योति चौधरी एवं समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

बांग्लादेश में अत्याचारों के विरोध में फलौदा में प्रदर्शन

छपार, 12 अगस्त (बु.)। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में फलौदा गांव में ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर भारत सरकार से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को विश्व स्तर पर उठाने एवं बांग्लादेश सरकार से सख्त कार्यवाही कराने की मांग रखी। गांव में देव शर्मा की अध्यक्षता व प्रवेश त्यागी के संचालन में आयोजित प्रदर्शन में नवीन त्यागी, सुशील त्यागी, सुभाष त्यागी, विकास त्यागी, तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, किरणपाल, अनिल एडवोकेट, रामगोपाल, राजू प्रधान, जितेन्द्र त्यागी, रजनीश भारद्वाज, नरेश त्यागी, संजीव आर्य आदि रहे।

भाजपाईयों ने की महापुरुषों की प्रतिमा की साफ सफाई

बुढ़ाना, 12 अगस्त (बु.)। भारतीय जनता पार्टी के बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष भरत ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार के दिन आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने कर कमलों द्वारा महापुरुषों की मूर्ति की साफ सफाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के बीते 11 अगस्त से लेकर आगामी 15 अगस्त के बीच चल रहे कार्यक्रम को लेकर स्वतंत्रता दिवस आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर महापुरुषों की मूर्तियों की अच्छी तरीके से साफ-सफाई की गई। यहां स्वच्छता अभियान के तहत महान पुरुषों जिनमें चौधरी चरण सिंह एवं महर्षि दयानंद चौक पर उनकी प्रतिमाओं के स्थल की साफ सफाई के साथ उनकी मूर्तियों की पानी से सफाई की गयी। जिसमें मुख्य रूप से शामिल रहे भाजपा बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष भरत ठाकुर के अलावा भाजपा मंडल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, मंडल उपाध्यक्ष मनमोहन कश्यप, भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद ठाकुर और सागर राजपूत आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संसद का हुआ गठन

मीरापुर, 12 अगस्त (बु.)। शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संसद का गठन किया गया। छात्र संसद में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गयी। सोमवार को शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत के नेतृत्व में छात्रों को छात्र संसद के दौरान विभिन्न पदों के लिए चुने गए पदाधिकारियों को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान हेड बॉय आर्यन मेंहदियान तथा हेड गर्ल रुपेन्दर कौर चुने गए। वाइस हेड बॉय पद पर सुमित कनौजिया व वाइस हेड गर्ल क्रिस्टी चौधरी को चुना गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को चार हाउसों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक हाउस के लिए कैप्टन चुने गए हैं। वंशिका धीमान को रमन हाउस कैप्टन, गरिमा को रामानुजन हाउस कैप्टन, अवनी शर्मा को भास्कर हाउस कैप्टन, और आस्था शर्मा को खुराना हाउस कैप्टन के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने कहा छात्र संसद का गठन छात्रों के व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उन्हें आगामी जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम को विद्यालय डायरेक्टर राजेश शर्मा व चेयरमैन सुशील शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

पत्रकारिता के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के महत्व विषय पर संगोष्ठी

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। श्रीराम कॉलेज के सभागार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के महत्व विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरूकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार की वरिष्ठ प्रोफेसर ड

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

तीसरे कार्यकाल में तिगुनी गति

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों से बातचीत में कहा कि वे अपने तीसरे कार्यकाल में तिगुनी गति से काम करेंगे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ऐसा ही करेंगे, यह देश को भरोसा है। इसी बीच उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चा होने लगी है। राहुल गांधी और अखिलेश का सियासी ग्राफ बढ़ने और भाजपा का घटने से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की उम्र को लेकर भी चर्चाओं का दौर चल रहा है। प्रधानमन्त्री 17 सितंबर 2024 को अपनी आयु के चौहत्तर वर्ष पूरे कर लेंगे। उनकी उम्र को लेकर एक नॉन सीरियस नेता ने 17 सितंबर 2025 को उनके 75 वर्ष पूरे होने पर उनकी सेवा निवृति की बात कही थी। नेता भले ही नॉन सीरियस है, लेकिन उसकी इस बात पर अमित शाह ने भी जवाब दिया था। यह तो स्पष्ट हो ही गया है कि पूरा विपक्ष नहीं चाहता था कि मोदी तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनें, विपक्ष ने पूरी कोशिश की, लेकिन भाजपा 240 सीटें लाने में सफल रही। एनडीए को बहुमत मिल गया। अब विपक्ष इस हार से बौखलाया हुआ है, उसके सांसद, संसद में जो व्यवहार कर रहे हैं, उसे देखकर लग रहा है जैसे कि वे भन्नाए हुए हों, कभी लोकसभा अध्यक्ष से भिड़ जाना कभी राज्यसभा में उप राष्ट्रपति से बहस करना और सभ्यता से विवेक से नीचे गिर जाना, यह सब यह बताता है कि इस समय विपक्ष दिशाहीन हो गया है। अभी उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए विपक्ष के 87 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि यह सिर्फ एक शगुफे से ज्यादा कुछ नहीं है। उप राष्ट्रपति तो हटेंगे नहीं, लेकिन खड़गे से नेता प्रतिपक्ष का पद छिन सकता है। जिसकी कि संभावना भी अधिक है, कारण यह है कि अगले राज्यसभा उपचुनाव के बाद कांग्रेस की सीटें कम हो सकती हैं, इतनी कम कि खड़गे नेता प्रतिपक्ष ही न रहें। सोशल मीडिया पर जो रील सबसे ज्यादा देखी जा रही हैं उनमें खड़गे, राहुल, अखिलेश, जया बच्चन की रील सबसे ज्यादा देखी जा रही हैं। प्रधानमन्त्री तीसरे कार्यकाल में तिगुनी शक्ति से काम करेंगे और साथ-साथ उनके विरोधी भी अपनी सियासत में लगे रहेंगे। राहुल गांधी इन दिनों इसलिए घिरे हुए हैं कि उन्होंने हमास पर तो कई ट्वीट किए, लेकिन बांग्लादेश के पीड़ित हिन्दुओं पर कुछ नहीं कहा। अखिलेश यादव की किरकिरी उनकी पार्टी के बलात्कारी नेता करवा रहे हैं, अयोध्या के बलात्कारी सपा नेता के बाद अब कन्नौज के सपा नेता ने पार्टी की किरकिरी करवा दी। कन्नौज में सपा नेता को पुलिस ने नाबालिग से रेप की कोशिश करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। नाबालिग अपनी बुआ के साथ नेता के कॉलेज में नौकरी मांगने आई थी। जहां उसने बुआ की गैरमौजूदगी में जबरदस्ती की। लड़की के कपड़े उतारे। क्या राहुल और अखिलेश ऐसी अच्छी सियासत कर पाएंगे जिसमें इन्हें सब वर्गो का साथ मिले? इस पर राजनैतिक विश्लेषकों को सन्देह है। प्रधानमन्त्री लोकप्रियता के इस ग्राफ पर कब तक रहेंगे? यह भी एक सवाल है। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी पीएम बने तो लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे शीर्ष नेताओं को संसदीय बोर्ड या कैबिनेट में जगह नहीं दी गई।दोनों नेताओं को जगह तो मिली, मगर मार्गदर्शक मंडल में। आडवाणी तब 86 और जोशी 80 साल के थे। जून 2016 में मध्य प्रदेश कैबिनेट विस्तार के दौरान 75 पार बाबूलाल गौर और सरताज सिंह को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा, इसी तरह 80 पार पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को भी कोई ज़िम्मेदारी नहीं दी गई, हिमाचल के दिग्गज नेता शांता कुमार भी इसी तरह किनारे हो गए। अमित शाह ने तब कहा था,पार्टी में न तो कोई ऐसा नियम है और न ही परंपरा कि 75 साल की आयु पार कर चुके नेताओं को चुनाव लड़ने की अनुमति न दी जाए। कर्नाटक के येदियुरप्पा इस मामले में एक मिसाल थे, जो 80 पार होने के बाद भी राज्य में बीजेपी की कमान संभाल रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में 91 साल के आडवाणी और 86 साल के जोशी को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था। एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा था, 75 साल से ऊपर के किसी को टिकट नहीं दिया गया। ये पार्टी का फैसला है। कलराज मिश्र, नजमा हेपतुल्ला और अब जीतन राम मांझी 75 की उम्र पार करने के बाद भी मोदी कैबिनेट में जगह बनाने में सफल रहे। इनमें मांझी बीजेपी के नहीं हैं, बल्कि उनकी पार्टी सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा है। कई भाजपाईयों का कहना है कि 75 साल उम्र होने के बाद ये प्रधानमन्त्री मोदी के ऊपर है कि वो इस पर विचार करना चाहते हैं या नहीं। मान लीजिए कि अगर स्वेच्छा से वो सोचते हैं कि उनको अवकाश लेना चाहिए तो ये उनकी निजी सोच होगी। इसमें संगठन की तरफ से या विचारधारा की तरफ से किसी तरह का प्रेशर नहीं होगा। 75 की उम्र होने पर मोदी अपना कार्यकाल पूरा न करें या संघ भी किसी और को चाह रहा हो, ऐसा अभी नहीं लगता। नरेन्द्र मोदी अभी काफी एक्टिव हैं, 2029 तक कंट्रोल नरेन्द्र मोदी ही के हाथ में रहेगा। हाल फिलहाल मोदी को बदलने जैसा तो कुछ नहीं होगा, मगर अगले चेहरे की तलाश, तैयारी और तकरारें शुरू हो चुकी हैं। बीते दिनों यूपी में योगी आदित्यनाथ को लेकर जैसी अटकलें लगाई गईं, उससे इस बात को और मजबूती मिली। कुछ चर्चाएं यह भी हैं कि अमित शाह और योगी में कुछ चल रहा है। अमित शाह की प्रबंधन की शक्तियां अलग हैं, लेकिन जनता की नजर में चढ़ना अलग है। यह स्पष्ट धारणा है कि बीजेपी जिन वोटर्स के बीच पसंद की जाती है, वहां मोदी के बाद योगी ही हैं, न सिर्फ.यूपी बल्कि दूसरे राज्यों में भी। योगी की अपील अमित शाह से ज्यादा है। योगी आदित्यनाथ बीजेपी के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। नाथ संप्रदाय के अहम गोरखधाम मठ के महंत होने के कारण भी योगी की देश के अलग-अलग हिस्सों में लोकप्रियता है। किसी भी गतिशील पार्टी में इसको लड़ाई नहीं, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कहते हैं। ये होना जरूरी भी है और यह सकारात्मक होता है। चर्चा यह भी है कि संघ योगी के साथ है। संघ का हाथ योगी के साथ इतना मजबूती के साथ है कि उनका हटना मुश्किल है। कुछ ऐसी भी चर्चाएं हैं कि मोदी चाहते हैं अमित शाह ही मेरी जगह लें। इधर से शाह योगी के काम में दखल देते हैं। उधर योगी इनके अपनों को झटका देते हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर खींचतान। यूपी में स्मार्ट मीटर की रेस में अदानी का होना और उसका टेंडर का रद्द होना। ये कुछ ऐसे वाकये हैं, जिनके जरिए सियासी दूरियों की ओर इशारा किया जाता है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"सच" "बगावत" "सियासत" "जहालत"

बौखलाए लग रहे हैं, और बहके से भी हैं,
आज कुछ नेताओं में सच से बगावत आम है।
लग रहा है निचले दर्जे की सियासत देखकर,
अब सियासत में हिमाकत और जहालत आम है।

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।

अत्यंत दुःख के साथ हम यह सूचित करते हैं कि
श्रीमती कुसुम कुमारी संगल जी
(धर्मपत्नी स्व. श्री दामोदर दास संगल जी)
का स्वर्गवास दिनांक 01-08-2024 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
प्रभु उनकी आत्मा को अपने श्री चरणो में स्थान प्रदान करें।
रस्म पगड़ी दिनांक 14.08.2024, दिन-बुधवार को होनी निश्चित हुई है।
कार्यक्रम
प्रसाद- दोपहर 1 बजे
प्रार्थना सभा एवं रस्म पगड़ी- दोपहर2 से 3 बजे
स्थान- वाधवा ग्रीन्स रिसोर्ट, दढ़ियाल, काशीपुर
शोकाकुल परिवार
माधुरी-शैलेन्द्र पॉल (पुत्री-दामाद)
मिताली-पंकज बंसल(पुत्री-दामाद)
सपना-मोहित अग्रवाल (भतीजी-दामाद)
पूजा अग्रवाल (भतीजी)
शुचि-विपुल गर्ग (भतीजी-दामाद)
प्रियल-मीत सांघवी (पौत्री-दामाद)
भव्या संगल (पौत्री)
राम निवास-कमलेश संगल (देवर-देवरानी)
उषा संगल (देवरानी)
विनोद-आशा संगल (देवर-देवरानी)
विनीत-रूचि संगल (पुत्र-पुत्रवधु)
राहुल-सुनैना संगल (भतीजा-भतीजवधु)
शिशिर-रूचि संगल (भतीजा-भतीजवधु)
माधव संगल, अर्णव संगल (पौत्र)
जितेन्द्र ट्रेडर्स । सिद्धार्थ पेपर्स । सिद्धेश्वरी पेपर्स । सिद्धेश्वरी इंडस्ट्रीज । संगल इंडस्ट्रीज
Location Direction For Wadhaawa Resort, Kashipur

रक्षाबंधन पर फ्री बस: ड्राइवर-कंडक्टर जितनी चलाएंगे बस उतनी मिलेगी प्रोत्साहन राशि

लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसी)। रोडवेज के चालक-परिचालक रक्षाबंधन पर्व पर जितनी ज्यादा मेहनत करेंगे, उतनी प्रोत्साहन राशि उन्हें दी जाएगी। प्रशासन ने चालक परिचालकों के लिए यह स्कीम रक्षाबंधन पर बहनों को बस में मुफ्त यात्रा को ध्यान में रखकर लागू की है। परिवहन राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने रक्षाबंधन पर्व पर अतिरिक्त सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 17 से 22 अगस्त तक अधिकाधिक बसों का संचालन कराया जाए, जिससे लोगों को रक्षाबंधन पर्व पर आवागमन में कोई असुविधा न हो। शतप्रतिशत बसों को ऑनरोड किया जाए। सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कोई भी अधिकारी कार्य स्थल बिना सूचना दिए नहीं छोड़ेगा। एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि चालक परिचालक द्वारा 18 सौ किमी बस चलाने पर 12 सौ रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इससे अधिक बस संचालन पर 55 पैसे प्रति किमी की दर से अतिरिक्त भुगतान दिया जाएगा। ऐसे ही डिपो व क्षेत्रीय कार्यशाला के तकनीकी कर्मचारी इस अवधि में प्रत्येक दिन उपस्थित होते हैं तो उन्हें एकमुश्त 500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बस स्टेशनों पर तैनात कार्मिकों और पर्यवेक्षकों को प्रोत्साहन धनराशि के उद्देश्य से 5000 रुपये प्रति स्टेशन की दर से दी जाएगी।

किन्नरों ने तालियां बजाकर घेरी कलेक्टेट, किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। खादर क्षेत्र में सोलानी नदी से बरसात के दिनों में होने वाली तबाही व बर्बादी से राहत दिलाने की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। सोमवार को राष्ट्रीय किन्नर संघ व राष्ट्रीय महिला एकता संगठन के बैनर तले दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में किन्नर संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजिम बाजी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट का घेराव कर रहे किन्नर समाज ने समस्याओं का समाधान न होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी। घंटों तक जारी धरने के बीच नगर मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र की समस्या का निदान कराने का आश्वासन दिया। सोमवार को राष्ट्रीय किन्नर संघ के बैनर तले संघ अध्यक्ष नाजिम बाजी के नेतृत्व में घंटों तक कलेक्ट्रेट का घेराव करते ग्रामीणों ने नारेबाजी की। इस बीच में किन्नर समाज से जुड़े सदस्यों की तालियों की गूंज से कलेक्ट्रेट में भारी भीड़ हो गयी। धरने पर मौजूद किन्नर समाज ने अपने चार सूत्रीय मांग पत्र पर पुरकाजी क्षेत्र के गांव शेरपुर खादर में सोलानी नदी से हर साल किसानों की खेती का नुकसान होता है। हर साल की तरह इस बार भी हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोलानी नदी में क्षमता से अधिक पानी छोड़े जाने से जहां खेती को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं गांव वालों को अब जीविका के साधनों की कमी होती है, वहीं बच्चों के स्कूल छूट जाने की वजह से जहरीले जानवर घरों में घुस जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में अनहोनी की आशंका बढ़ती जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में रामनगर गांव के पास सोलानी नदी पर पुल का निर्माण किया जाए और पुरकाजी खादर गांव सोलानी नदी पर पुल का निर्माण कराने के साथ किसानों की बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाए जाने के साथ सोलानी नदी में उसकी क्षमता से अधिक पानी नहीं छोड़े जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से मुस्कान, नाजीम किला, रेशमा जानसठ, रेखा व रूबि खतौली, माया पक्का बाग, प्रीति समेत दर्जनों किन्नर डीएम कार्यालय पर मौजूद रहे। उधर, राष्ट्रीय महिला एकता संगठन के बैनर तले ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पर धरना देते हुए खादर क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ की समस्या से मुक्ति दिलाने के साथ किसानों की बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

जी.डी. गोयनका स्कूल में विशेष अलंकरण समारोह हुआ आयोजित

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बुस.)। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में आज विशेष अलंकरण समारोह का आयोजन धूमधाम और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा के द्वारा उच्च-स्तरीय प्रतिभा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने मुख्य अतिथि मीना गोयल का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। इस समारोह के अंतिम चरण तक पहुँचने के लिए छात्र संघ के छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यवहारिक परीक्षाओं से होकर गुजरना पड़ा। अलंकरण समारोह उस निर्भरता और विश्वास का प्रतीक है, जो स्कूल, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को देता है। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने जवाबदेही का चोला ओढ़कर अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं से अपने कर्त्तव्यों को निभाने की प्रतिज्ञा ग्रहण की। निर्वाचित

छात्रों के प्रोफाइल दर्शकों के सामने पढ़े गए। इसके पश्चात उन्हें माननीय मुख्य अतिथि मीना गोयल के द्वारा बैज व सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। छात्र परिषद ने नेतृत्व को उच्च सम्मान में रखने की शपथ ली। मीना गोयल ने उन्हें बधाई दी और उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में निष्पक्ष और ईमानदार रहने की सलाह दी तथा अपने निर्धारित नैतिक मूल्यों को कायम रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि पद के साथ स्वयं के प्रति, अपने स्कूल और साथियों के प्रति भी जिम्मेदारी आती है। संघर्ष प्रत्येक मनुष्य को ऊँचाई हासिल करने में मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने मीना गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के साक्षी बनने पर धन्यवाद दिया। साथ ही छात्रों के उत्साह एवं परिश्रम की भी सराहना की और बधाई दी। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

अपात्र को भी आवंटित हैं कांशीराम आवास, एसडीएम को मौहल्लेवासियों ने दिया ज्ञापन

बुढ़ाना, 12 अगस्त (बु.)। एक अपात्र व्यक्ति को कांशीराम आवास योजना के तहत किसी कर्मचारी की सेटिंग से आवास मिला हुआ है, जबकि उसके पास पहले से ही 2 मकान खुद की कमाई के हैं। मौहल्ले के लोगों ने उक्त व्यक्ति की शिकायत एसडीएम से करते हुए जांच की मांग की, तो उन्होंने नगर पंचायत बुढ़ाना के ईओ को आरोपी के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए हैं। मौहल्ला कानून गोयान में बड़ी मस्जिद कमेटी से जुड़े वसीम अहमद, आजम फारुखी शाहनवाज गौरी, कलीम सिद्दीकी, शाहआलम उस्मानी व फैसल ने सोमवार को बुढ़ाना एसडीएम संजय सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि मौहल्ले के सलीम पुत्र इलियास जामा मस्जिद के मकान में किराये पर रहते हैं, जिस पर स्वयं का भी एक मकान है। काशीराम आवास योजना में भी एक मकान है। एक मकान चंचल स्कूल के पास खरीदा है। जामा मस्जिद की कमेटी द्वारा सलीम को यदि उक्त जामा मस्जिद के मकान को खाली करने को कहा जाता है, तो उक्त व्यक्ति व उसकी पत्नी गाली गलौच कर फसाद पर अमादा होते हैं। उक्त व्यक्ति की आर्थिक स्थित अच्छी है। उक्त व्यक्ति ने काशीराम आवास योजना का मकान बन्द कर रखा है तथा उसमें रहने नहीं जाता है। मस्जिद में निर्माण कार्य होना है, जिसके लिये उक्त व्यक्ति से जामा मस्जिद का मकान खाली कराया जाना बहुत ही जरूरी है। कमेटी के लोगों ने एसडीएम से उक्त व्यक्ति से मस्जिद का मकान खाली करवाए जाने की गुहार लगाई है। ऊधर एसडीएम ने ईओ को जांच के निर्देश दिए हैं।

स्वच्छ सारथी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

- सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति लोगों को किया जागरूक

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के निर्देश पर श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छ सारथी सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसके अंतर्गत स्वच्छता में अपना योगदान देने वाले स्वच्छ सारथी छात्र एवं छात्राओं के साथ स्वच्छता के विषय में वार्ता की गई। कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी रंगोली व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कंपनी के जोनल इंचार्ज सरदार बलजीत सिंह ने कचरा प्रबंधन संबंधी जानकारी छात्राओं को दी। आई टीसी मिशन सुनहरा कल से दीपक सैनी ने गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में एवं कचरे को रेयूज, रिड्यूस, रिसाइकल के बारे में समझाया। स्वच्छ भारत मिशन से जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस बीच पलक्षा मेनवाल सफाई निरीक्षक द्वारा एक स्वच्छता संबंधी रंगोली प्रतियोगिता कराई। वहीं आकाश दीप लिपिक स्वच्छ भारत मिशन द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर की जनता से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विषय में जानकारी देते हुए इससे परहेज रखे जाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल ढोबाल व अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को टी शर्ट, कैप तथा प्रशस्ति पत्र वितरित करते हुए छात्राओं को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

"पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए चिंताजनक है कानपुर पुलिस कमिश्नरेट का अघोषित आदेश"

मुजफ्फरनगर/कानपुर, 12 अगस्त (बुस.)। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट का एक अघोषित आदेश, डिजिटल प्लेटफॉर्म- जैसे व्हाट्सएप आदि पर प्रसारित किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि "मैन स्ट्रीम मीडिया" के लोगों को ही प्रेस कांफ्रेंस में बुलाया जाए .....आदि ...यह आदेश अगर सच है, तो "पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए चिंताजनक है।" हम इसकी निंदा करते हैं, क्योंकि यह अघोषित आदेश न केवल यूट्यूबर्स के लिए बल्कि छोटे व मझोले वर्ग के अखबारों / डिजिटल प्लेटफॉर्म में कार्यरत सभी पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस आदेश से मीडिया की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लग सकता है। यह आदेश उन यूट्यूबर्स और डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों को उनके काम को प्रभावित कर सकता है, उन्हें वंचित कर सकता है, जो ईमानदारी से अपना दायित्व निभा रहे हैं। जिले के अधिकतर थाना प्रभारियों पर मानसिक दबाव अतिरिक्त डाल सकता है। इस आदेश से पत्रकारिता में विविधता और समावेशीपन कम हो सकता है। इसमें कतई दो राय नहीं कि यह अघोषित आदेश प्रेस/मीडिया के विभिन्न प्रारूपों के बीच भेदभाव पैदा कर सकता है और पत्रकारिता के डिजिटल परिवर्तन को नहीं पहचान रहा है, जबकि आवश्यकता इस बात की है कि इसके बजाय, एक समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो सभी प्रकार के प्रेस/मीडिया प्रतिनिधियों को समान अवसर प्रदान करता हो। वहीं सवाल यह उठता है कि क्या मैन स्ट्रीम मीडिया के लोग क्या अनैतिक, आपराधिक कृत्यों को अंजाम नहीं देते हैं ? जो लोग इसके पक्षधर हैं, उन्हें बड़े - बड़े मीडिया घरानों के अखबारों व टी. वी. चैनलों में कार्यरत मीडिया कर्मियों के बारे में दर्ज किए गए मामलों का इतिहास पता करना चाहिए। मैन स्ट्रीम मीडिया संस्थानों के मीडियाकर्मियों पर अनेक संज्ञेय आरोप लग चुके हैं और जेल तक जा चुके हैं। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद फिर "काला/सफेद" कर रहे हैं। मेरी निजी राय है कि, "चाहे छोटा संस्थान हो या बड़ा, टीवी चैनल हो या यूट्यूबर संस्थान, उसमें कार्य करने वाला व्यक्ति अगर अनैतिक, आपराधिक कृत्यों को कारित कर रहा है या उसका संरक्षण कर रहा है तो उसको चिन्हित किया जाना चाहिए और विधिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही बिना किसी भेदभाव की जानी चाहिए, लेकिन जो "व्यक्ति" ईमानदारी व निष्ठा के साथ पत्रकारिता का कार्य कर रहा हो, फिर चाहे 'वो' किसी भी वर्ग (प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल) का पत्रकार हो, उसके अधिकारों का हनन नहीं किया जाना चाहिए।

-श्याम सिंह 'पंवार'
(लघु श्रेणी का पत्रकार) कानपुर

हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा रैली का आयोजन किया

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बुस.)। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार के आशीर्वाद से आज भारत स्काउट और गाइड, उप्र मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष/डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी के संरक्षण में जिला विद्यालय निरीक्षक व उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. शैलेंद्र त्यागी, अपर जिला अधिकारी प्रशासन वीर बहादुर सिंह एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मयंक शर्मा के निर्देशों के अंतर्गत जिला मुख्यायुक्त डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला, जिला गाइड कमिश्नर राजेश कुमारी के मार्गनिर्देशन में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड के द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जो वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज से शुरू होकर वकील रोड, गौशाला रोड, पीठ बाजार, मेहता क्लब पर आकर संपन्न हुई। समस्त विद्यालयों के लगभग 450 स्काउट गाइड ने प्रतिभा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला अधिकारी प्रशासन वीर बहादुर सिंह जी ने का स्काउट, गाइड की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने की। विशेष अतिथि के रूप में संजय मित्तल, ममता अग्रवाल, नवनीत गोयल, सभासद मनोज वर्मा, रेनू गर्ग आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोरा, प्रभा दहिया, अमित सैनी, अनुज कुमार, आनंद, आयुष चौधरी, शिवानी, ज्योति रानी, गाइड कैप्टन बबीता, अनीता गुप्ता, स्काउट मास्टर विजय मित्तल, अरविंद कुमार रानी व विद्यालयों के स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन ने सहयोग प्रदान किया।

हर घर तिरंगा अभियान को अधिवक्ताओं ने किया जागरुक

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। सिविल बार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर द्वारा ब्रिजेन्द्र मलिक अध्यक्ष सिविल बार की अगुवाई में सोमवार को सिविल बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने भारत के 78 वे स्वाधीनता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर भारतीय को अपने घरों पर तिरंगा लगाने और देश की स्वतंत्रता का गर्व से जश्न मनाने के लिए निवेदन कर प्रेरित किया गया। इसके साथ भारत की स्वतंत्रता को चिन्हित करने को हर घर तिरंगा अभियान चलाने का संकल्प लिया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं को तिरंगे संग अपनी सेल्फी लेकर वेबसाइट पर ट्वीट कर यूट्यूब फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक कुशवाहा उपाध्यक्ष, अभिषेक पाल, कुमारी नूपुर, ध्रुव मित्तल, रूपांकर गुप्ता, कु. पूजा, नीरज ऐरन, हिमांशु कुमार, अभिषेक खन्ना आदि सदस्य एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

यूपी डीजीपी बोले- किसी को मुसीबत में देखकर वीडियो न बनाएं, 'एक पहल' करें और यूपी 112 पर कॉल करें

लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसी)। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि किसी को मुसीबत में देखकर वीडियो न बनाएं बल्कि यूपी 112 पर कॉल करें। संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु की सूचना यूपी 112 को देने में संकोच न करें। यह बातें उन्होंने यूपी 112 के विशेष अभियान 'एक पहल' का शुभारंभ करते समय कही। उन्होंने कहा कि 'एक पहल' आम लोगों को संवेदनशील और सतर्क बनाने का अभियान है। छेड़छाड़, छींटाकशी और सड़क पर पड़े घायल की अनदेखी न करें। यह अभियान एक जगजागृति है। एक पहल कीजिए... यूपी 112 को कॉल कीजिए। एक पहल आम लोगों से सहयोग लेने का अभियान है। आठ साल पहले यूपी 112 का रिस्पॉन्स टाईम 40-45 मिनट था जो अब 8-9 मिनट है।

बिना मेडल लिए विनेश फोगाट भारत के लिए रवाना?

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)। विनेश फोगाट इन दिनों सीएएस में चल रहे केस के कारण चर्चाओं में हैं। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें विनेश फोगाट को पेरिस से रवाना होते हुए देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो विनेश, पेरिस ओलंपिक्स में भारत के लिए कुश्ती में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले अमन सहरावत के साथ नई दिल्ली में लैंड करेंगी। विनेश भारतीय समयानुसार मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे दिल्ली के इंदीरा गांधी इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर लैंड करेंगी। मगर दूसरी ओर विनेश के पति, सोमवीर राठी ने एक मीडिया इंटरव्यू में बताया कि विनेश की वापसी पर अभी तक कोई अपडेट नहीं आया है। मगर सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो अनुसार विनेश को सोमवार पेरिस से भारत के लिए रवाना होते देखा जा सकता

है। चूंकि अभी तक उअर ने कोई फैसला नहीं सुनाया है, ऐसे में क यासा लगाए जाने लगे हैं कि क्या विनेश बिना मेडल ही भारत वापस लौट रही हैं। विनेश फोगाट ने संयुक्त सिल्वर मेडल विजेता घोषित किए जाने की मांग की थी। इस अपील पर सीएएस पहले भारतीय समयानुसार 10 अगस्त को फैसला सुनाने वाला था, लेकिन अब तारीख को बढ़ाकर 13 अगस्त कर दिया गया है। इस बीच 11 अगस्त तक विनेश फोगाट और यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग से कुछ सवालों के जवाब मांगे गए थे। याद दिला दें कि विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक्स में अपने पहले ही राउंड में 4 बार की वर्ल्ड चैंपियन और डिफेंडिंग ओलंपिक चैंपियन, जापान की युई सुसाकी को हराकर सनसनी फैला दी थी। वहीं क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में उन्होंने बिना कोई बेईमानी करके जीत दर्ज की और फाइनल तक का सफर तय किया। मगर फाइनल मैच के दिन उनका वजन तय मानकों से 100 ग्राम अधिक पाया गया। इस कारण उन्हें गोल्ड, सिल्वर या ब्रॉन्ज मेडल तो दूर की बात, कोई रैंक तक नहीं मिलने वाली थी।

लाला सुखलाल सनातन धर्म कन्या डिग्री कॉलेज, पुरकाजी (मुजफ्फरनगर)
माँ शाकुम्बरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से मान्यता प्राप्त
आवश्यकता है
1. प्रवक्ता स्नातक :- अर्थशास्त्र- (2 पद),
कला- (2 पद), गृह विज्ञान- (2 पद)
2. प्रवक्ता स्नातक :- बी. कॉम- (2 पद)
योग्यता: विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप
इच्छुक शिक्षक अपने प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि कॉलेज कार्यालय में जमा करें या ई-मेल पर भेजें
सम्पर्क करें:- 8864967926
E-mail: lslsdkdcollege@gmail.com whatsapp: 7906620291

प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को नहीं दिया जा सकेगा शारीरिक दंड, फटकारना भी मना

लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसी)। प्र

पुरानी पेंशन पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों-अफसरों को झटका

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के उन 11 लाख जवानों/अधिकारियों के लिए झटका है, जो सुप्रीम कोर्ट से 'पुरानी पेंशन' मिलने की आस लगाए बैठे थे। सोमवार को सर्वोच्च अदालत ने इस मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने उस निर्देश पर अंतरिम रोक की पुष्टि की है, जिसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस), सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के अनुसार, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों पर भी लागू होने की बात कही गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए भारत संघ को अनुमति देते हुए यह आदेश पारित किया है। इसके तहत प्रतिवादियों/सीएपीएफ कर्मियों की याचिकाओं का निपटान उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार किया गया था। सीएपीएफ में ओपीएस लागू कराने के लिए ये याचिकाएं पवन कुमार एवं अन्य के द्वारा दायर की गई थी।

इटारसी रेलवे जंक्शन पर पैसेंजर ट्रेन के दो कोच पटरी से उतरे, बड़ा हादसा टला

नर्मदापुरम, 12 अगस्त (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के इटारसी रेलवे जंक्शन पर एक पैसेंजर ट्रेन के दो कोच पटरी से उतरने से बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यात्रियों में चीख पुकार मच गई। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए हैं। बता दें कि ट्रेन नंबर 01663 रानी कमलापति स्टेशन से सहरसता बिहार जाने के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन करीब 6.15 बजे इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंचने से पहले ही ट्रेन के दो अउ कोच इ1 और इ2 बेपटरी हो गए। राहत की बात यह है कि घटना के समय ट्रेन की स्पीड बहुत कम थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, घटना के बाद यात्री घबरा गए। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए हैं। पटरी से उतरे कोचों को वापस पटरी पर लाने की कवायद स्थानीय रेलवे अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

स्वास्थ्य सेवा में केंद्रीय कानून को लागू न करने पर अदालत चिंतित

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)। देश की सर्वोच्च अदालत ने स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र से जुड़े व्यवसायों में वर्ष 2021 के केंद्रीय कानून को अमल में न लाने पर चिंता व्यक्त की है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों से कहा है कि 12 अक्तूबर तक कानून का अनुपालन सुनिश्चित करें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेपी पादरीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आदेश में कहा, हम केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देते हैं कि दो महीनों के भीतर इस कानून को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा कानून को लागू करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दो सप्ताह के भीतर राज्यों के सभी सचिवों की ऑनलाइन बैठक बुलाई जाए। अदालत ने यह भी कहा है कि अगर कानून के प्रावधानों को लागू करने में कोई भी विफल रहा तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कर्ज न चुकाने पर एक्टर राजपाल की करोड़ों की संपत्ति सील, बैंक वालों ने घर पर लगाया ताला

शाहजहांपुर, 12 अगस्त (एजेंसी)। मुंबई की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की टीम ने लोन अदा नहीं करने पर बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की कचहरी के पास सेठ इंक्लेव कॉलोनी में स्थित करोड़ों रुपये की संपत्ति को सील कर दिया। राजपाल ने फिल्म का निर्माण करने के लिए तीन करोड़ रुपये का ऋण लेने को संपत्ति के कागज लगाए थे। राजपाल ने अपने माता-पिता के नाम पर बनाए श्री नौरंग गोदावरी एंटरटेनमेंट लिमिटेड प्रोडक्शन हाउस में फिल्म का निर्माण कराया था। यह प्रोडक्शन हाउस उनकी पत्नी राधा यादव के नाम पर है। फिल्म के निर्देशन के साथ राजपाल और ओमपुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। शाहजहांपुर के तमाम कलाकारों को फिल्म में काम करने का मौका मिला था। बताते हैं कि फिल्म के निर्माण के लिए अभिनेता ने मुंबई की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से तीन करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। उन्होंने अपने पिता के नाम से जमीन और भवन को गारंटी के तौर पर बंधक बनाया था। लोन अदा नहीं करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बांद्रा कुर्ला कांप्लेक्स, मुंबई शाखा की टीम ने आठ अगस्त को थाना सदर बाजार में पत्र भेजकर फोर्स की मांग की थी। बाद में बैंक की टीम ने गोपनीय ढंग से बिना पुलिस को साथ लिए सेठ इंक्लेव स्थित करोड़ों की संपत्ति को सील कर दिया। टीम ने स्थानीय अधिकारियों को सूचना नहीं दी है। सूत्रों के मुताबिक राजपाल ने तीन करोड़ रुपये का लोन लिया था जो बढ़कर 11 करोड़ हो गया है। कचहरी ओवरब्रिज के पास ही राजपाल यादव की संपत्ति है। बाहरी क्षेत्र को एक मार्बल विक्रेता को किराये पर दे रखा है। बैंक की टीम ने भवन के गेट पर लगे ताले पर सील लगा दी है। आनन-फानन की गई कार्रवाई में अंदर चल रहे कूलर तक को बंद नहीं किया गया। बताते हैं कि टीम ने बैंक की प्रापर्टी लिखकर बैनर लगाया था। सोमवार को ऐसा कोई पत्र या बैनर वहां लगा नहीं मिला।

याकूब कुरैशी के बेटे के पासपोर्ट मामले में दो पुलिसकर्मी बनेंगे आरोपी

मेरठ, 12 अगस्त (एजेंसी)। फर्जी पता दिखाकर पासपोर्ट का नवीनीकरण कराने के मामले में पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी का बेटा फिरोज उर्फ भूरा बुरी तरह फंस गया है। पुलिस ने जो धाराएं फिरोज पर लगाई हैं, उनमें जेल तक का प्रावधान है। पुलिस धोखाधड़ी के मुकदमे में अब फिरोज के बयान दर्ज करेगी। इसके साथ ही निलंबित दरोगा रतिभान और सिपाही लोकेश कुमार के नाम भी मुकदमे में शामिल किए जाएंगे। चार अगस्त को याकूब कुरैशी के बेटे फिरोज उर्फ भूरा को दुबई जाते समय दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ लिया था। फिरोज का लुकआउट नोटिस जारी होने के बावजूद वह दुबई जा रहा था। अगले दिन खरखौदा पुलिस एयरपोर्ट से फिरोज को लेकर थाने आ गई थी। कोर्ट की अनुमति के बिना देश छोड़कर नहीं जाने की बात लिखवाकर फिरोज को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। इस मामले में एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने एसपी सिटी को जांच सौंपी थी। जांच में पता चला कि फिरोज ने सेटिंग करके पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए आवेदन किया। आवेदन में कागजात सराय बहलीम के ही लगाए गए लेकिन थाने के कॉलम में कोतवाली के बजाय मेडिकल थाना लिख दिया गया।

देशभर के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नयी दिल्ली 12 अगस्त (वार्ता) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डाक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में सोमवार से देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल का आयोजन फेडरेशन आफ आल इंडिया रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने किया है।रेजिडेंट या जूनियर डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए देश के सभी सरकारी अस्पतालों ने व्यापक प्रबंध किये हैं जिससे आपातकालीन सेवायें बाधित नहीं हो। सभी वरिष्ठ डाक्टरों के अवकाश और दौरे रद्द कर दिये गये हैं और उन्हें संबंधित अस्पतालों के विभागों में पहुंचने को कहा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी, आपरेशन और अन्य सेवाओं को बहाल रखने के लिए उचित उपाय किये हैं। लोक नायक अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और वार्ड सेवा पूरी तरह से बंद नहीं होंगी। सफदरजंग अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ काम करेंगे। शिक्षकों को भी काम करने के लिए कहा गया है। रेजिडेंट डाक्टर दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस बीच कोलकाता के संबंधित अस्पताल के प्रमुख ने त्यागपत्र दे दिया है। चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर महासंघ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और मृतक डॉक्टर के लिए शीघ्र न्याय और देश भर में सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के लिए सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की हैं।

तिरंगा यात्रा का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

भोपा, 12 अगस्त (बु.)। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में पहुँचे अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने भाजपा की तिरंगा यात्रा का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया, जिसके उपरांत भाजपा व रालोद नेताओं की संयुक्त बैठक में कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त प्रत्याशी को जिताने की अपील की गयी। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दर्जनों बाइकों पर सवार युवकों ने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान के नेतृत्व में परिक्रमा मार्ग पर तिरंगा यात्र निकाली। वहीं दण्डी आश्रम में भारत माता के चित्र सहित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर व वन्दे मातरम गीत के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भाजपा व रालोद नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि मीराँपुर विधानसभा उपचुनाव में संयुक्त प्रत्याशी को जिताने को लेकर सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर कार्य करें। बूथ कमेटियां पार्टी के द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। रालोद के पश्चिम प्रभारी योगेन्द्र चेयरमैन, भाजपा पश्चिम प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया, मन्त्री सोमेन्द्र तोमर, मन्त्री अनिल कुमार आदि ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार सर्व समाज के हित के लिये कार्य कर रही है। सरकार ने देश व प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मन्त्री कपिलदेव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, रालोद के मण्डल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिलाध्यक्ष सन्दीप मलिक, मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल, राजपाल सैनी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान, युवा भाजपा नेता अमित राठी, प्रसन्न चौधरी, विजय शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, अमित चौधरी, जोगेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व बैठक के दौरान भूपेन्द्र चौधरी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी व मीडिया प्रभारी अचिन्त मित्तल

पत्रकारों को बैठक से बाहर जाने की बात पर प्रदेश अध्यक्ष ने खुद व्यक्त किया खेद

मुजफ्फरनगर। सोमवार को शुकतीर्थ में आये भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के कार्यक्रम के दौरान एक अन्य पदाधिकारी द्वारा यह कह दिए जाने पर कि मीडिया व पत्रकार बैठक से बाहर चले जायें, हंगामा खड़ा हो गया। हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो भाजपाईयों को अहसास हो गया कि आखिर यह क्या कह दिया। तुरंत मामले को शांत करने के लिए पत्रकारों को बाहर बैठाकर चाय नाश्ता कराने की बात कही गई और बाद में स्वयं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी पत्रकारों के बीच बैठे और खेद व्यक्त करते हुए कहा कि कभी कभी भाव समाने में गलती हो जाती है। ऐसे में पत्रकार उनके पदाधिकारी द्वारा कही गई बात का अलग अर्थ न लगाएं दरअसल, जब मीटिंग चलती हैं तो कुछ ऐसी बातें भी करनी होती है, जो सिर्फ आम कार्यकर्ताओं के लिए समाने के तौर पर अलग से कहीं जाती हैं। ऐसे में उक्त बातें मीडिया की सुर्खियां न बनें, इसलिए यह गोपनीयता रखनी पड़ती है और मीडिया को लगातार वे अपने बयान बैठक में आने से पूर्व ही दे चुके हैं। जिस मंशा से वे यहां आये हैं, वह सारी बात मीडिया के साथ साा भी की गई हैं। बाद में उक्त सभी बातों को समाने बाुाने के बाद मामला दोनों ओर से शांत हो गया।

52.8 मिमी बारिश के बावजूद सूखे दिन ने बढ़ाई उमस

इस सप्ताह बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। रविवार और बीती रात 52.8 मिमी जोरदार बारिश के बाद आज फिर सूखे दिन के साथ दिन में गर्मी का अहसास बढ़ गया। आज बादलों की मौजूदगी के बावजूद धूप कड़क थी और मौसम में गर्माहट थी। ऐसे में आज तापमान बढ़कर 32.0 और न्यूनतम 23.8 डिग्री रहा। कल शाम से रात तक 26.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

सावन के मौसम में बारिश के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। चारों ओर बारिश के बाद तीन दिन तक बादल खामोश रहे और रविवार को दोपहर बाद बारिश का दौर शुरू हुआ तो रात तक जमकर पानी बरसा। इसके चलते रविवार शाम 5 बजे तक कुल 26.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। बाद में रात तक फिर 26.8 मिमी बारिश हुई। ऐसे में कल दोपहर बाद से मौसम काफी खुशगवार हो गया था। रात में भी काफी सुकून रहा। आज सुबह भी काफी ठंडी थी, लेकिन बाद में जैसे ही सूर्यदेव के दर्शन हुए मौसम में गर्माहट आने लगी। दिन भर बादलों की मौजूदगी के बावजूद कड़क धूप से लोग बेहाल रहे। ऐसे में गर्मी और उमस का दौर पूरे दिन चला। ऐसे में दिन में तापमान फिर बढ़ गया। अधिकतम तापमान आज दो डिग्री बढ़कर 32 पर पहुंच गया। धूप के चलते उमस से भी लोग परेशान नजर आए।

लगातार हो रही बारिश दिल्ली में होने वाले भव्य समारोहों में खलल डाल सकती है। पिछले कई दिनों से हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जो इस सप्ताह भी जारी रहेगी। दिल्ली/एनसीआर में बारिश की गतिविधि काफी हद तक पूवार्नुमान के अनुसार ही हो रही है। वहीं, इस सप्ताह के बीच में दिल्ली/एनसीआर के पूरे क्षेत्र में बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। पूर्वोत्तर राजस्थान और इससे सटे दिल्ली क्षेत्र पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह से मानसून ट्रफ राजधानी दिल्ली के बेहद करीब बनी हुई है। यह स्थिति अगले 5 दिनों तक यानी 16 अगस्त तक जारी रहने की संभावना है। इन दोनों प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव में दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों इस पूरे सप्ताह सक्रिय मानसून की स्थिति बनी रहेगी। 14 और 16 अगस्त के बीच बारिश की तीव्रता और फैलाव ज्यादा होगा।

बीएसए के निरीक्षण में गायब मिली पांच शिक्षिकाएं

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा विकास क्षेत्र सदर के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय (1-8) वहलना, सदर में प्रातः 8:05 पर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर कुल कार्यरत स्टाफ 17 के सापेक्ष 5 शिक्षिकाएं क्रमशः सुमन देवी, ईशा गुप्ता, सारिका, प्रियांक्षी व कामिनी चौहान अनुपस्थित मिली, अन्य कार्यरत स्टाफ उपस्थित पाया गया। अनुपस्थित शिक्षिकाओं के विरुद्ध पृथक से विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

धर्मेंद्र प्रधान ने बंगाल की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

कोलकाता, 12 अगस्त (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की घटना पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। खासकर छात्रों की सुरक्षा सवालों के घेरे में है। कुछ दिन पहले जादवपुर में भी ऐसी ही घटना हुई थी। जो जघन्य अपराध हुआ है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। बंगाल सरकार को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। बंगाल सरकार को इसके लिए जवाबदेह होना होगा। इस बीच एनसीडब्ल्यू सदस्य डेलिना खोंगडुप कोलकाता पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि पहले हम पुलिस आयुक्त से मिलेंगे, उसके बाद हम पीड़िता के माता-पिता से मिलेंगे। हम कल तक यहीं हैं। हम उस अस्पताल का भी दौरा करेंगे जहां यह घटना हुई है।

शहर कोतवाली पुलिस ने दबोचा 20 हजार का इनामी गैंगस्टर

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस द्वारा गैंगस्टर के अभियोग में वांछित चल रहे 20 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। जनपद मुजफ्फरनगर में ईनामी वांछित और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली नगर के थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे 20 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी को मुखबिर की सूचना पर खालापार मौहल्ला की नूर मस्जिद के पास स्थित किराये के मकान से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी तहसीम पुत्र छोटा सलीम निवासी मिमलाना रोड, कलीम कॉलोनी न्याजूपुरा हाल में नूरमस्जिद के पास खालापार में किराये के मकान में रह रहा था। पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी। उस पर एसएसपी ने पिछले दिनों 20 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था।

मुस्तफाबाद में बबली की मौत पर बिजली विभाग के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। रविवार को बारिश के दौरान मुस्तफाबाद में महिला बबली और उसकी गाय की करंट से मौत हो जाने के मामले में नई मंडी कोतवाली में बिजली विभाग को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतका के पति ने इसके लिए विभागीय अधिकारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्यवाही की मांग की है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में रविवार शाम बारिश के दौरान पानी में आये करंट से प्रमोद की पत्नी बबली और उनकी गाय की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने इसके विरोध में जमकर हंगामा किया था। पुलिस के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए थे। नई मंडी पुलिस ने बबली के पति प्रमोद की तरफ से बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे के लिए जिम्मेदार मानते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नाबालिग से छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिजनों को धमकाया

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। शहर के सरकूलर रोड स्थित एक कालोनी में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। आरोप है कि विरोध करने के लिए गये पीड़िता के परिजनों के साथ भी गाली गलौच और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सिविल लाइन क्षेत्र में सरकूलर रोड स्थित एक कालौनी में रहने वाली एक नाबालिग के साथ एक दबंग युवक ने छेड़छाड़ की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे भी आतंकित किया। पीड़िता ने घर जाकर अपने परिजनों को इसकी शिकायत की। परिजन विरोध जताने आरोपी युवक के पास पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्रता और गाली गलौच हुई। पीड़ित परिवार ने इसके बाद पुलिस की शरण ली है। सिविल लाइन पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एसओ ओमप्रकाश ने बताया कि मामला गंभीर है। दोषी युवक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

संतों व शहीदों को नमन करते हुए लें उनके जीवन से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा

महापुरुषों की मूर्तियों पर साफ सफाई कर किया माल्यार्पण

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। आजादी के जश्न के बीच जहां एक ओर हर घर तिरंगा की अलख जगाने को सरकारी दफ्तरों से माननीय तक जागरुकता को लेकर धरातल पर काम करने में जुटे हैं। इन्हीं तैयारियों के बीच में सोमवार को नगर विधायक व प्रदेश में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपाईयों संग नगर क्षेत्र में महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई करने के साथ माल्यार्पण किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा में जुटने का सभी से आह्वान किया।

सोमवार को इस अभियान के बीच शहर के बीच चौक-चौराहों पर लगी महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई कराने के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में चौक-चौराहों पर लगी महापुरुषों की मूर्तियां हमको उनके कार्यों और बलिदानों का याद कराने के साथ राष्ट्रप्रेम के प्रति प्रेरित करती हैं। नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज प्रातःकालीन बेला में लखनऊ से आते ही सीधे शहर में विभिन्न चौराहों पर लगी संतों और शहीदों की प्रतिमाओं व उनके आसपास साफ-सफाई की। इस दौरान मंत्री कपिल देव ने रुडकी रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि जी की मूर्ति की सफाई कर उन्हें नमन किया। बाद में उन्होंने जिला अस्पताल चौक अहिल्याबाई होल्कर जी, टाउन हॉल स्थित सुभाष चंद्र बोस, सदर बाजार में स्वामी विवेकानंद जी, सोल्जर बोर्ड पर पं. मदन मोहन मालवीय जी, सिविल लाईन थाने के पास शहीद बचन सिंह जी व शहीद आशाराम त्यागी की मूर्ति की सफाई कर माल्यार्पण किया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति संवाहक, उच्च आदर्श संतों व वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके जीवन से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल, कपिल त्यागी, पंकज माहेश्वरी, डॉ. प्रदीप, जगदीश पांचाल, नंद किशोर पाल, विशाल गर्ग, हनी पाल, रजत धीमान, शोभित गुप्ता, सागर वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले योगी आदित्यनाथ, मुलाकात पर दिया ये बयान

लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलकात की। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने कहा कि माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट हुई। अपना अमूल्य समय प्रदान करने हेतु आपका हार्दिक आभार!

सरकारी स्कूल में मिड डे मील में हिंदू बच्चों को खिलाया मीट

प्रधानाध्यापक को किया निलंबित, बाजार से मांस मंगाकर छात्रों को परोसा

मेरठ, 12 अगस्त (एजेंसी)। होटल और ढाबा नामकरण विवाद के बीच एक नया सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्राथमिक विद्यालय में मध्याह्न भोजन में दो हिंदू छात्रों को मांस परोस दिया गया। प्रधानाध्यापक ने डांट लगाते हुए एक दिव्यांग हिंदू छात्र को जबरन मांस खिला दिया। छुट्टी के बाद दोनों हिंदू बच्चों ने घर पहुंकर अभिभावक को जानकारी दी।

परिजनों ने विद्यालय पहुंचकर हंगामा किया। अभिभावक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वैदवाड़ा के प्राथमिक विद्यालय में 20 छात्र पंजीकृत हैं, जबकि एक शिक्षक प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल खान तैनात हैं। सोमवार को छह छात्र विद्यालय आए थे, इनमें दो हिंदू और चार मुस्लिम थे। विद्यालय में एनजीओ द्वारा आलू-सोयाबीन की सब्जी भेजी गई थी। प्रधानाध्यापक ने नए पंजीकरण को आए तीन बच्चों को पैसे देकर बाजार से मांस मंगाकर उपस्थित छह छात्रों को परोसा। मोहल्ला जत्तीवाड़ा निवासी दो हिंदू छात्रों ने मांस खाने का विरोध किया। अभिभावकों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने दोनों छात्रों पर मांस खाने का दबाव बनाया। इस पर एक दिव्यांग छात्र ने मांस खा लिया। घर पहुंचकर दोनों छात्रों ने परिजनों को जानकारी दी। छात्रों को लेकर परिजन विद्यालय पहुंचे तो प्रधानाध्यापक विद्यालय में ही मौजूद था। परिजनों ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने छात्रों के नाम काटने की धमकी देकर चुप रहने को कहा। परिजनों ने बीएसए आशा चौधरी और कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। पुलिस विद्यालय पहुंची और प्रधानाध्यापक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। परिजन भी थाने पहुंचे और हंगामा कर दिया।

72 साल की महिला ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

मेरठ, 12 अगस्त (एजेंसी)। मेरठ में ईश्वरपुरी निवासी 72 साल की सेवानिवृत्त शिक्षिका देविंद्रा रानी ने पति के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिक्षिका की 48 साल की उम्र में कम आयु के नरेश से शादी हुई थी। आरोप है कि नरेश ने खुद को सुपरवाइजर बता धोखा देकर शादी की थी। दो साल पहले दोनों का तलाक भी हो चुका है।

ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की ईश्वरपुरी निवासी देविंद्रा रानी ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2000 में उनकी शादी बुलंदशहर के गांव सराय लौंगा निवासी नरेश के साथ हुई थी। शादी से पहले ही वह माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका थीं। नरेश और उसके परिजन ने शादी से पहले झूठ बोला था कि वह एक प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर है। बाद में पता चला कि नरेश कोई काम नहीं करता है। वह शराब पीकर आता था और पैसों की मांग करता था। पैसे देने से मना करने पर शिक्षिका से मारपीट करता था। नरेश ने उनकी सरकारी नौकरी के लालच में उम्र में काफी छोटा होने के बावजूद शादी की थी। पति के उत्पीड़न से त्रस्त होकर शिक्षिका मायके में आकर रहने लगीं। कुछ समय बाद नरेश आया और अपने व्यवहार के लिए माफी मांगकर उन्हें साथ ले गया। कुछ दिन बाद फिर से उसने जबरदस्ती शराब पीने के लिए पैसे वसूलने शुरू कर दिए। पीड़िता सात माह की गर्भवती हुई तो नरेश ने उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। जिससे उनका गर्भपात हो गया। नरेश ने उनकी संपत्ति और पैसे हड़पने के लिए सोते समय उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया। जिससे वह बेहोश हो गईं। मुंहबोले भाई फूल सिंह ने नरेश के विरोध के बावजूद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जब होश आया तो पीड़िता की स्मरण शक्ति काफी कमजोर हो गई थी। शरीर का कुछ हिस्सा लकवाग्रस्त भी हो गया था। वर्ष 2022 में उन्होंने परिवार न्यायालय के माध्यम से नरेश से तलाक ले लिया। कुछ दिन से नरेश उनके घर के आसपास घूम रहा है। घर के पास खड़े होकर उन्हें और फूल सिंह को जान से मारने की धमकी देता है। उन्होंने ब्रह्मपुरी थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने ब्रह्मपुरी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था।

15 अगस्त को लाल किला के पास से नहीं गुजरेंगी ट्रेनें

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखकर पूरी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। समारोह स्थल लाल किला और उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। समारोह के समय सुबह पौने सात बजे से नौ बजे तक लाल किला के नजदीक से ट्रेनों की आवाजाही बंद रहेगी। उस दौरान कई ट्रेनों को पुरानी दिल्ली, साहिबाबाद, गाजियाबाद व अन्य स्टेशनों पर रोक दिया जाएगा। गाजियाबाद से पुरानी दिल्ली के बीच चलने वाली 04413 व 04447 नंबर की ट्रेन और पुरानी दिल्ली से साहिबाबाद व गाजियाबाद के बीच चलने वाली 04486 व 04940 नंबर की ट्रेन 15 अगस्त को निरस्त कर दी गई है। उस दिन 05000 शामली-पुरानी दिल्ली विशेष ट्रेन भी निरस्त रहेगी। कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। सहारनपुर-पुरानी दिल्ली विशेष (04404) व पुरानी दिल्ली-गाजियाबाद विशेष (04946) को मार्ग में र